Hindi

# रक्त-आधान के लिए सामान्य मार्गदर्शिका

## माता-पिता व परिवारों के लिए जानकारी

## रक्त-आधान

रक्त-आधान (blood transfusion) एक प्रक्रिया है जिसमें आपकी नस में सुई (cannula) (IV) डाल कर उसके माध्यम से आपको रक्त दिया जाता है।

आपको रक्त-आधान की आवश्यकता तब हो सकती है जब आपका शरीर आपके अपने रक्त के कुछ हिस्से ख़ुद नहीं बना सकता है, यदि आपके रक्त की कोशिकाएँ ठीक से काम नहीं कर रही हैं, या यदि आपका रक्त बह गया है।

रक्त-आधान की आवश्यकता को अक्सर कम किया जा सकता है या इससे बचा जा सकता है।

- अपने स्वास्थ्य देखभाल दल से बात-चीत करें कि रक्त की कमी (रक्त में लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या व गुणवत्ता में कमी) के इलाज का सबसे अच्छा तरीक़ा कौनसा है।
- यदि आपका ऑपरेशन हो रहा है तो अपने स्वास्थ्य देखभाल दल से सलाह करें कि किन दवाईयों को बंद करने या उनको रोकने की ज़रूरत है, जिससे कि रक्त बहने के ख़तरे को कम किया जा सके।
- आपका स्वास्थ्य देखभाल दल यह सलाह दे सकता है कि आपके रक्त को इकट्ठा कर लिया जाए और किसी बड़े ऑपरेशन के दौरान उस रक्त को आपके वापस चढ़ा दिया जाए।
- यदि आपको रक्त-आधान की आवश्यकता होती है तो आपको केवल उतना ही रक्त दिया जाना चाहिए  जितना कि आपके लक्षणों से राहत  दिलवाने के लिए आवश्यक हो। उदाहरण के लिए, एक बार जब आपको लाल रक्त कोशिकाओं का एक बैग दे दिया गया है उसके बाद दुबारा विचार होना चाहिए कि आपको एक और बैग की आवश्यकता है या नहीं।  एक ही बैग काफ़ी हो सकता है।

## रक्त के वे हिस्से जिनकी आवश्यकता हो सकती है

लाल कोशिकाएँ, शरीर के टिश्युओं व अंगों में ऑक्सीजन ले जाती हैं। ये दी जा सकती हैं यदि आपके रक्त में इनका स्तर कम हो या आपका रक्त बह गया हो।

प्लेटले टरक्त को थक्का बनने में मदद करते हैं और रक्त को बहने से रोकने या बहते रक्त को बंद करने के लिए दिए जाते हैं।

प्लाज़्मा में वे तत्व होते हैं जो प्लेटलेटों के साथ रक्त को थक्का बनने में मदद करते हैं और रक्त के बहने से बचने बचाव या बहते रक्त को बंद करने के लिए दिए जाते हैं।

रक्त के अन्य उत्पादों को कई अन्य कारणों के लिए दिया जाता है, जैसे कि शरीर के प्रतिरक्षी तंत्र को सुधारने या कुछ रक्त थक्का बनाने वाले तत्वों को बदलने के लिए।

रक्त-आधान के विषय में अधिक विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया देखें www.mytransfusion.com.au

## यदि आपको रक्त-आधान की आवश्यकता है तो

आपको रक्त की जाँच करवानी होगी जिससे आपके रक्त समूह का निश्चित रूप से पता लगाया जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपके क़िस्म का रक्त उपलब्ध है या नहीं।

जब आप रक्त की जाँच करवाएँ तो आपको यह जाँच करने में मदद करनी चाहिए कि फ़ॉर्म व ट्यूब पर जो भी विवरण दिए गए हैं वे सब सही हैं और पूरी तरह मिलते हैं। इसमें आपका पूरा नाम व आपकी जन्म की तिथि सही तरह लिखा होना शामिल है।



**अस्वीकरण**
इस तथ्य-पत्र का लक्ष्य केवल आपको शिक्षित करना है।  इसका उपयोग वास्तविक इलाज संबंधी विकल्पों व निर्णयों के संचालन व निर्धारण करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इस प्रकार के निर्णय, इलाज करने वाले अपने डॉक्टर या अन्य स्वास्थ्य व्यवसायियों से भी सलाह लेकर लिए जाने चाहिए।

## ख़तरे

विश्व भर में, ऑस्ट्रेलिया में रक्त आपूर्ति सबसे अधिक सुरक्षापूर्ण है, पर जैसा कि हर चिकित्सा संबंधी प्रक्रियाओं के साथ लागू होता है, रक्त-आधान भी पूर्ण रूप से ख़तरे से खाली नहीं है।

रक्त-आधान के सबसे आम ख़तरों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- छोटी-मोटी प्रतिक्रियाएँ, जिसमें हल्का बुख़ार या त्वचा पर लाल चकत्ते होना शामिल है
- ज़्यादा तरल पदार्थ होना जिससे साँस लेना मुश्किल हो, विशेषकर वृद्ध रोगियों में व जिन्हें दिल की बीमारी है।

रक्त-आधान से होने वाले अन्य कम ख़तरों में निम्नलिखित शामिल हैं:

- वह रक्त दे दिया जाना जो आपके रक्त से 'मेल' नहीं खाता
- गम्भीर प्रतिक्रियाएँ, जैसे कि ऐलर्जी या फेफड़ों को घातक नुक़सान।
- संक्रमण होना, जैसे कि बैक्टीरिया या वायरस का।

## सहमति

इलाज आपकी पसंद है आपको रक्त-आधान देने से पहले आपसे सहमति लेनी चाहिए। इस विकल्प को चुनने में सहायता के लिए निम्नलिखित शीघ्र जाँच-सूची का उपयोग करें।

- क्या आपको मालूम है कि रक्त-आधान की सलाह किस लिए दी गई है?
- क्या आपने ऐसे तरीकों के बारे में पूछा है जिनसे रक्त-आधान से बचा जा सकता है या इसे कम किया जा सकता है?
- क्या आप ख़तरों को समझते हैं?
- क्या आपके सारे प्रश्नों के उत्तर दे दिए गए हैं?

## जब आपको रक्त-आधान दिया जा रहा है

रक्त-आधान से पहले आपके नाम व जन्म की तिथि की सही जाँच दुबारा से अच्छी तरह कर ली गई है। आपके साथ स्टाफ़ के दो सदस्य यह करेंगे। यदि आपको एक से अधिक रक्त के बैग या कोई किसी प्रकार के रक्त उत्पाद की आवश्यकता होती है तो स्टाफ़ कार्यकर्त्ता हर बार इन जाँचों को करेंगे।

रक्त-आधान के समय स्टाफ़ कार्यकर्त्ता बहुत ध्यान पूर्वक निरीक्षण करेंगे की कोई समस्या तो नहीं है. इसका अर्थ है, आपकी नब्ज़, रक्त चाप व तापमान को नियमित रूप से नापते रहना। रक्त-आधान के समय अधिकतर लोगों को कुछ भिन्न अनुभव नहीं होता है पर यदि आप किसी भी तरह अस्वस्थ महसूस करें तो तुरंत स्टाफ़ कार्यकर्त्ता को बताएँ।

हो सकता है कि आप रक्त-आधान के एकदम बाद ही अस्पताल से जा सकते हैं। अस्पताल से जाने से पहले स्टाफ़ कार्यकर्त्ता से पूछें कि बाद में यदि आप अस्वस्थ महसूस करें तो आप को क्या करना होगा।

## चिंताओं पर ध्यान देना

किसी भी समय आपको कोई चिंता हो तो यह आवश्यक है कि आप उसके बारे में बात करें। स्टाफ़ कार्यकर्त्ताओं को अपनी परेशानियों के बारे में बताएँ, क्योंकि यदि आपको ग़लत तरह का रक्त दे दिया जाता है तो चिकित्सा संबंधी गम्भीर समस्याएँ पैदा हो सकती हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- आप का नाम या जन्म की तिथि की जाँच करने में यदि कोई समस्या होती है तो
- यदि आपको लगता है कि इसकी ठीक से जाँच नहीं की गई है
- यदि रक्त-आधान के दौरान या बाद में आप अस्वस्थ महसूस करें।

## सामान्य जानकारी

यदि आपको एक से अधिक बार रक्त-आधान करवाना पड़े या आपके लिए नियमित रूप से रक्त-आधान करवाना आवश्यक है तो आपके लिए हर बार रक्त जाँच करवाना ज़रूरी है।

यदि आपने रक्त जाँच नहीं करवाई है पर आपको बहुत ज़ल्द ही रक्त-आधान करवाने की आवश्यकता है तो जब तक आपके रक्त से मिलने वाला रक्त नहीं मिलता, आपको एक विशेष प्रकार का रक्त दिया जा सकता है।

यह अनिवार्य है कि पहचान के विवरण की जाँच किसी अन्य व्यक्ति से करवाया जाए, जैसे कि आपको सहायता देने वाला व्यक्ति, परिवार का कोई सदस्य या स्टाफ़ का कोई अन्य सदस्य।

### रक्त की देख-भाल (Blood Watch) के विषय में

रक्त की देख-भाल एक कार्यक्रम है जो नैदानिक सर्वश्रेष्ठता कमीशन (Clinical Excellence Commission) द्वारा चलाया जाता है। इसका लक्ष्य है रक्त-आधान चिकित्सा से संबंधित नैदानिक तरीकों में सुधार करना।

यह चिकित्सा व शल्य-चिकित्सा से संबंधित नीतियों को बढ़ावा देती है कि दान दिए गए रक्त के संसाधन व रोगी का ख़ुद का रक्त दोनों ही उचित रूप से प्रबंधित हो, जिससे रोगी के व्यक्तिगत परिणामों में सुधार हो।

रक्त की देख-भाल कार्यक्रम संबंधी अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें- http://www.cec.health.nsw.gov.au/programs/blood-watch

A General Guide to Blood Transfusion: Information for Patients and Families, Released March 2014, © Clinical Excellence Commission 2014. SHPN (CEC) 140098